

राज
कॉमिक्स विशेषांक
संख्या 0012
गगन
काला शैतान


राज
कॉमिक्स विशेषांक
संख्या 0012
गगन
काला शैतान



एक खतरनाक अपराधी डॉक्टर वडिकर अपनी सहायक जेनिथ के सामने अपने अविष्कार का प्रदर्शन करता है।






और-
डा. वडिकर काले शैतान की ताकत से इतना प्रभावि
हुआ कि जेनिथ का हाथ पकड़कर नाचने लगा।
हम सफल हुए जेनिथ! हम सफल हुए!
लेकिन अभी तो हमें सफलता की अन्तिम सीढ़ी तक पहुंचने के लिए बहुत मंजिलें तय करनी हैं डियर!
काला शैतान हमारे साथ है, हम मार्ग की हर रुकावट को रौंदते हुए अब मंजिल तक पहुंच जाएंगे।
तुम्हारा सपना अवश्य पूरा होगा। फिर हम करोड़ों में खेलेंगे... करोड़ों में।
मेरे लिए क्या आज्ञा है मालिक?
तुम अपने केबिन में वापस जाओ।
अभी हमें रुपये और मॉडल बनाने हैं।


लेकिन इसके लिए तो बहुत सारा मानव मांस चाहिए।
मानव मांस की इस इलाके में कमी नहीं है, तुम जाओ और खुद प्रबन्ध करो।
लेकिन ध्यान रहे हमारा रहस्य, रहस्य ही बना रहना चाहिए।
चिन्ता मत करो डियर!
गगन रहस्यमयी शक्तियों का मालिक-
भारत भूमि ही मेरी जन्म-स्थली है, अब इसी की भलाई के लिए जीना मरना है।
गगन! क्या सोच रहे हो?
अब तो सिर्फ एक ही सोच दिमाग में रह गई है अंकल, किसी तरह भारत भूमि से अपराधियों का सफाया कर दूं।
तुम तो रहस्यमयी शक्तियों के मालिक हो। तुम ऐसा कर सकते हो लेकिन आज मैं तुम्हारी कुछ शक्तियां देखना चाहता हूं ताकि तुम्हारी शक्ति का कुछ अंदाजा हो सके।


गगन व प्रोफेसर दोनों बाहर कम्पाउन्ड में आ गए।
अंकल यह दो अंगूठियां मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। लाल अंगूठी द्वारा मैं किसी भी मनुष्य या वस्तु को भस्म कर सकता हूं। देखिए...
गगन ने सामने के पेड़ पर वार किया।
लाल नग किरणें बनाता रहता है, इसमें किरणों का स्टाक कभी खत्म नहीं होता।
और यह हरे नग वाली अंगूठी?
इसका सूक्ष्म बटन दबाते ही मेरे आस-पास की हवा का दबाव खत्म हो जाएगा और...
...मैं उड़ने लगूंगा। अब मेरे चारों तरफ सुरक्षात्मक कवच की दीवार बन गई है अंकल! बेफिक्र मुझ पर फायर करिए।
सुरक्षात्मक लिहाफ के कारण मुझ तक एक भी गोली नहीं पहुंचेगी, इस लिए बुलेट से मुझे कोई नहीं मार सकता।
धांय
धांय
सुरक्षात्मक लिहाफ से तुम्हें और क्या फायदा है?


मैं छत से नीचे कूद सकता हूं। ऊंची व लम्बी छलांग लगा सकता हूं।
शुक्रग्रह के वैज्ञानिकों ने मेरे जिस्म में बहुत सारे परीक्षण किए थे, जिनके कारण मेरे अन्दर असीम ताकत आ चुकी है।
प्रयोगशाला में–
बेटे, आज मैं तुम्हें अपनी तरफ से एक अस्त्र देता हूं, जिसे तुम सिर्फ दुश्मन पर ही प्रयोग करना...
...यह बहुत छोटा सा तीर-कमान है। ऐसे पचास तीर तुम एक साथ जेब में रख सकते हो।
लेकिन इस का फायदा क्या है?
तीर को जब तुम कमान द्वारा चलाओगे तो हवा की रगड़ से इसकी नोक में मौजूद बारूद जल उठेगा...
...किसी भी चीज से टकराते ही तीर फट जायेगा।
धड़ाम


यह आविष्कार मेरा अपना है। मैं तुम्हें देश सेवा के लिए भेंट करता हूं।
थैंक्यू अंकल!
ताहिरा! तुम यहां?
हां बुरी खबर लेकर आई हूं।
जासूस हो न, बुरी खबर ही लाओगी।
लेकिन बात क्या है?
रजनी और मैं कार से टोरी की पहाड़ियों की तरफ घूमने गई थी, वापसी में एक हादसा पेश आया...
...हम टोरी से वापस आ रहे थे...
...तभी वातावरण में तेज आवाज गूंजने लगी...
जूं जूं जूं
भागो!
भागो शैतान आ रहा है।


ताहिरा ! देखना चाहिए बात क्या है?
देखना नहीं पूछना चाहिए,आओ पूछते हैं।
..हम कुछ ही कदम चली थीं कि आवाज की दिशा से धुंए के गुब्बारे उठते देख चौंक उठीं...
जूं...जूं...जूंजूं ऽऽऽऽ
...अगले ही पल वह इलाका धुंए से ढक गया, अब कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था, लेकिन उस धुंए के कारण सबका दम घुट रहा था...
बचाओ!
बचाओ मर गया।
...जब धुंआ छंटा तो रजनी वहां नहीं थी, बल्कि कोई भी नहीं था।
लेकिन जहरीले धुंए से तुम बच कैसे गईं?
मिनी मास्क मैं हमेशा अपने पास रखती हूं। कार के नीचे घुस कर मैंने चेहरे पर फिट कर लिया था..
...सिर्फ रजनी ही नहीं गांव के और लोग भी गायब थे।
लेकिन वो गायब कैसे हो गए?


जूं... जूं... जूं... जूं... की आवाज के साथ धुंए के गुब्बारे आते हैं, जब गुब्बारे छंटते हैं तो सब लोग गायब हो चुके होते हैं। उन्हें कौन गायब करता है... कोई नहीं जानता।
मेरे ख्याल से इसके पीछे कोई बहुत बड़ा रहस्य छुपा है, जिसको जानना हमारे लिए जरूरी है।
रजनी को वापस पाने के लिए उस रहस्य को जानना ही होगा।
तो तुम दोनों इसी समय टोरी गांव चले जाओ, रजनी के गायब होने का भेद वहीं से मालूम हो जाएगा।
जो आज्ञा अंकल!
कार द्वारा दोनों टोरी गांव की तरफ चल पड़े।
दोस्त, रजनी की मुझे बेहद चिन्ता है।
रजनी मेरी मुंह बोली बहन है, उसे कुछ हो गया तो मैं दुनिया उलट-पलट दूंगा।
ग्रिक... ग्रिक...
हैल्लो 004 ताहिरा अटेन्डिंग।
इसी समय हेडक्वार्टर पहुंचो।
मैं पहुंच रही हूं चीफ, साथ में गगन को भी ला रही हूं।
ले आओ मैं इन्तजार कर रहा हूं।


गुप्तचर विभाग के चीफ के ऑफिस में –
चीफ! यही है गगन जो शुक्रवार से टपका है।
तुमसे मिलने की तीव्र इच्छा थी... बैठो।
चीफ! आप गगन को भी गुप्तचर विभाग में क्यों नहीं ले लेते?
यही ऑफर देने के लिए तो मैंने तुमसे गगन को यहां लाने के लिए कहा था।
लेकिन चीफ मैंने अभी इस बारे में सोचा नहीं, सोचकर आपको बताऊंगा।
मैं तुम्हारे उत्तर का इन्तजार करूंगा।
आपने मुझे एकाएक क्यों बुलाया है?
शहर के उत्तर की तरफ टोरी गांव में गड़बड़ी शुरू हो गई है, गांव के कई लोगों को गायब किया जा चुका है।
धुंए के गुब्बार में लोगों को गायब किया जाता है, रजनी जब गायब हुई तो मैं उस हादसे के समय वहीं थी।
हम दोनों रजनी की तलाश में वहीं जा रहे हैं।


क है, तुम दोनों वहां जाओ र जैसी भी स्थिति हो, मुझे सूचित करना।
लेकिन जब दोनों कार द्वारा शहर पहुंचे तो वहां भगदड़ मची हुई थी।
गगन! लोग पागलों की तरह क्यों भाग रहे हैं?
अवश्य कुछ गड़बड़ है, पूछना चाहिए।
भाई साहब, आप लोग इस तरह क्यों भाग रहे हैं?
काला शैतान आ रहा है, वह सबको मार डालेगा।
आपने उसे देखा है?
हां...
...वह भयानक पहाड़ जैसा काला शैतान है, आसमान से उतरा था...


...नीचे उतरते ही उसने एक कार को दूसरी कार पर फेंक दिया, दोनों कारों में बैठे चार लोग वहीं मर गए।
आ...हा आ...ह...
ताहिरा देखना चाहिए यह काला शैतान कहां से पैदा हो गया है।
हा...हा...
देखना ही नहीं, उससे निपटना भी है। वह देखो काला शैतान...
आहा...हा...हा...
ताहिरा ने शैतान पर फायर किये।
धांय... धांय...
तुम लोगों की मौत आई है, अब तुम लोग मरोगे।
ताहिरा! गोलियों का उस पर कोई असर नहीं हुआ। तुम भाग लो, मैं उससे निपटता हूं।
वह तुम्हें मार डालेगा।


तभी शैतान ने झपटकर ताहिरा को दबोच लिया।
तुमने मुझ पर गोलियां बरसाईं ओ लड़की, तुम्हें मैं भागने नहीं दूंगा।
छोड़ दो मुझे।
फिर उठाकर हवा में उछाल दिया।
गगन! बचाओ!
गगन के रहते तुम्हारा बाल भी बांका नहीं होगा ताहिरा।
गगन ने ताहिरा की तरफ छलांग लगा दी...
...और उसे बाहों में भर लिया।
शैतान ने टूटे मकान का एक बड़ा टुकड़ा उठा लिया।
अब तुम दोनों मरोगे।
गगन ने तीर छोड़ा।
ताहिरा, तुम भाग लो, मैं इस शैतान को देखता हूं।
तीर जैसे ही चट्टान से टकराया, उसमें आग लग गई।



मैं तुम्हारे परखच्चे उड़ा दूंगा।
घड़ाम घड़ाम
हा..हा.. हा..हा..
शैतान उड़ता हुआ गगन की तरफ बढ़ा।
तुम्हारा वार खाली गया, अब तुम मेरे वार से नहीं बच सकोगे।
इसे खत्म करना आसान नहीं।
गगन ने हरे नग की अंगूठी का बटन दबाया और हलका होकर ऊपर उठने लगा।
यह लड़का भी उस शैतान की तरह उड़ सकता है।
मुझे तो यह भी शैतान लगता है।
शैतान ही शैतान को खत्म कर सकता है।
तुम कौन हो और कहां से आए हो?
मैं शैतान हूं और शैतान लोक से आया हूं।


क्या चाहते हो?
इन्सानों को खत्म करके शैतानों का राज्य कायम करना चाहता हूं।
शैतान के इरादे खतरनाक हैं, इसे लाल नग वाली अंगूठी से खत्म करना होगा।
खत्म हो गया।
वो मारा! गगन... जिन्दाबाद!
तुम महान हो गगन, नील गगन की तरह। मुझे तुम पर गर्व है।
गर्व बाद में करना, इस समय हमें टोरी गांव जाना है।


फिर कार द्वारा दोनों टोरी गांव चल पड़े।
शैतान तो मारा गया ताहिरा, लेकिन वह कहां से आया था, कौन था...यह रहस्य मालूम नहीं हो सका।
उसका रहस्य भी जल्दी ही खुलेगा।
थोड़ी देर बाद –
हम टोरी गांव पहुंच गये हैं।
मुखिया के पास चलो। शायद उससे कुछ जानकारी मिले।
मुखिया के मकान में –
मुखिया जी, हम लोग जासूस हैं, और उन लोगों की तलाश करने आए हैं, जो धुएं में गायब हो जाते हैं।
बेटी जो एक बार गायब हुआ, वह फिर दोबारा वापस नहीं आया।
आप लोगों को कुछ कारण मालूम हो सका?
यह शायद प्रेतलीला है। लाल रंग के सींग वाले प्रेत ही हमारे लोगों को उठा ले जाते हैं।
क्या किसी ने प्रेतों को देखा भी है?
एक बार की बात है, मैं पेड़ पर बैठा था, जब धुआं छंटा तो मैंने दो लाल प्रेतों को जंगल की तरफ भागते देखा। दो व्यक्तियों को उन्होंने कंधों पर उठाया हुआ था, चेहरे पर कोई शीशे जैसी चीज चढ़ी हुई थी।


वह प्रेत किस तरफ गया था?
झील की तरफ, जो जमीन के अन्दर ही अन्दर समुद्र से जुड़ी हुई है...
...झील भी प्रेत ग्रस्त है, मैंने अपनी आंखों से देखा था।
क्या?
कुछ घण्टे पहले मैं झील की तरफ से वापस आ रहा था कि मुझे झील के पानी में से काला प्रेत बाहर निकलता दिखाई दिया...
...फिर वह मेरे सामने ही आकाश की तरफ उड़ गया...
धन्यवाद मुखिया जी, इतनी जानकारी हमारे लिए काफी है, शायद अब हम लापता लोगों का पता लगा सकेंगे।
क्या आप लोग प्रेत लोक जायेंगे?
हां।
डा. वडिकर के अड्डे पर दो विदेशी व्यक्ति मौजूद हैं।
डा. उस लड़के ने आपके आविष्कार को जला डाला।
वह लड़का तो आपसे भी बड़ा वैज्ञानिक लगता है, उसमें उड़ने की भी शक्ति है।


मेरा काला शैतान उसकी सारी शक्तियां समाप्त कर देगा। बस, उसे बनाने में जो कमी रह गई है, उसे दूर कर लूं।
कमी बताओगे?
विज्ञान की बातें आप लोग नहीं समझोगे, लेकिन मैं अब जो काला शैतान बनाऊंगा, वह पहले से ज्यादा शक्तिशाली होगा।
आप लोग चिन्ता न करें, आपने मुझे जो एक करोड़ डालर दिए हैं, वह बेकार नहीं जाएंगे। मैं और भी कई शैतान बना कर आपको दूंगा।
ठीक है, लेकिन उस लड़के से भी आपको निपटना होगा।
उसे मैं अपना गुलाम बना लूंगा या खत्म कर दूंगा...
...अगले सप्ताह तक मैं आपको दो शैतान सप्लाई कर दूंगा।
सिर्फ हमें। किसी और देश को आप शैतान नहीं देंगे।
आपका देश मुझे धन देता रहा तो, मैं सिर्फ आपको शैतान सप्लाई करता रहूंगा।
ठीक है। अब हम अपने कमरे में जाकर आराम करेंगे।


दोनों चीनियों के जाने के बाद –
वड़िकर, मुझे दुख है, सफलता पास आकर भी हमसे दूर है।
वह अजनबी लड़का सचमुच बहुत बड़ा वैज्ञानिक है। उसे तलाश करके हमें काबू में करना पड़ेगा।
उसकी तलाश के लिए हम अपने कुछ आदमी शहर भेज देते हैं।
ठीक है। मैं दूसरा शैतान बनाने की तैयारी करता हूं।
तुम झील के आसपास चौकसी बढ़ा दो।
ठीक है, लेकिन शैतान बनाने के लिए तुम्हारे पास मांस तो काफी होगा?
दो दर्जन औरत मर्द हैं। दो शैतान आसानी से बन जाएंगे।
मुझे याद आ रहा है, पिछली बार देहातियों के साथ एक पढ़ी लिखी लड़की का भी अपहरण किया गया था, शायद उसे उड़ने वाले वैज्ञानिक लड़के के बारे में जानकारी हो। उस से पूछती हूं।
रजनी को एक अलग कमरे में रखा गया था। जेनिथ उसके कमरे में पहुंची।
तुम्हारा नाम क्या है, और तुम रहती कहां हो?
नाम रजनी है, और रहती शहर में हूं, लेकिन तुमने मुझे इस इस्पात के कमरे में क्यों कैद कर रखा है?


बता दिया जाएगा, पहले तुम बताओ। किसी ऐसे लड़के को जानती हो, जो अपने हाथ से निकली विनाशकारी किरणों से किसी भी चीज़ को जला सकता है?
मैं उसे जानती हूं. वह मेरा भाई गगन है।
उसका पता बता दो। तुम्हें छोड़ दिया जाएगा।
पहले यह बताओ, मैं कहां हूं और मुझे यहां क्यों कैद किया गया है?
अपना काम निकालने के लिए इसे बता देने में कोई हर्ज नहीं है, क्योंकि इसे भी बाद में खत्म कर दिया जाएगा।
चुप क्यों हो गई, बोलो।
तुम हमारी पनडुब्बी में हो, तुम्हारे भाई से मिलने के बाद हमारा काम पूरा हो जाएगा और हम यहां से चले जाएंगे।
यह मुझे मूर्ख बना रही है, जबकि इसके इरादे अच्छे नहीं हैं, तब भी इसे गगन का पता बता देती हूं। शायद वह यहां आकर मुझे स्वतंत्र करा ले।
क्या सोचने लगी? गगन का पता बताओ।
मेरे पापा प्रो. किशनलाल भारत के बहुत बड़े वैज्ञानिक हैं। गगन उन्हीं के बंगले में रहता है।
पता मालूम होते ही वह कमरे से बाहर चली गई।


उधर प्रो· किशनलाल के कमरे में —
काले शैतान को खत्म करने के बाद गगन, ताहिरा के साथ टैरी गांव गया है... रजनी की खोज में। अभी तक उनकी तरफ से कोई खबर नहीं आई। न जाने क्या बात है?
प्रोफेसर तुमने कोई भी गलत हरकत की तो गोली मार दी जाएगी।
तुम लोग कौन हो और क्या चाहते हो?
हम गगन को लेने आए हैं। उसने काले शैतान को खत्म किया था।
लेकिन तुम लोग कैसे जानते हो कि गगन यहां रहता है?
उसकी बहन रजनी ने बताया है।
तो मेरी बेटी रजनी तुम्हीं लोगों की कैद में है। उसे ही ढूंढने है।
तो तुम उस-का पता नहीं बताओगे?
मेरे पास उस का पता नहीं है।



तड़ाक
इसे बांधकर ले चलो, जेनिथ खुद ही इससे मालूम कर लेगी।
बदमाश प्रो. साहब को ले गए, अब का हुई, गगन भी नहीं है।
लगता है उस काले शैतान की तरह तुम लोगों की मौत भी गगन के हाथों होगी।
ताहिरा बड़ी सफाई से कार जंगल के बीच दौड़ा रही थी।
गगन! मुखिया से हमें जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार तो झील के पास ही गड़बड़ लगती है।
वहीं जा रहे हैं, सब मालूम हो जाएगा।
शायद रजनी का भी पता लग जाए।
झील के किनारे—
यहां तो कोई भी गड़बड़ नज़र नहीं आती। झील कितनी शान्त है।
ऐसे काम रात में ही होते हैं, हम रात होने पर यहां आएंगे, अभी घर चलते हैं।
दोनों वापस शहर की तरफ चल पड़े।


प्रो. किशनलाल के बंगले पर –
ताहिरा बंगले में तो सन्नाटा है। प्रो. अंकल भी नहीं दिखाई दे रहे हैं।
सैंटर टेबल उल्टी हुई है, अवश्य यहां गड़बड़ हुई है।
दीनू प्रो. साहब कहां हैं?
आपके जाने के बाद यहां भारी गड़बड़ होई गई है न साहब!
कैसी गड़बड़?
दो बदमाश प्रो. साहब को उठाई के ले गई हैं, काले शैतान के साथी रहे, रजनी बिटिया व अनिल का नाम लेवत रहे।
गगन भईया का पता पूछत रहेन, न बतावत पर प्रो. साहब को ले गई हैं। हम कुछ नहीं कर सकिन साहब उनके पास पिस्तौल औ चाकू रहन।
ताहिरा! अब यहां रुकना बेकार है। हमें फिर झील की तरफ जाना होगा।
चलो!
अगले ही पल उनकी कार सड़क पर दौड़ रही थी।
मेरा विचार है, इन सब वारदातों के पीछे किसी वैज्ञानिक अपराधी का मस्तिष्क काम कर रहा है।
रजनी व प्रो. को अगर उसने नुकसान पहुंचाया तो मैं उसे जिन्दा नहीं छोड़ूंगा।



जंगल होने के कारण झील के आसपास भी शाम को ही अंधेरा घिर आया था।
इतने बड़े इलाके में हम प्रो. अंकल व रजनी को कहां तलाश करें?
मेरा दिल कहता है वह लोग जरूर मिलेंगे।
तो ठीक है। हम आज की रात यहीं व्यतीत करेंगे।
डा. वाडिकर के अड्डे पर–
प्रो. आपको यहां क्यों लाया गया है मालूम तो हो ही गया होगा?
तुम लोगों को गगन की तलाश है, लेकिन क्यों तलाश है मैं जानना चाहता हूं।
उसने महाशक्तिशाली काले शैतान को खत्म कर दिया है। वह हमारे मार्ग की रुकावट है।
अब या तो वह हमारे लिए काम करेगा, वरना हम उसे खत्म कर देंगे।
लेकिन मैं नहीं जानता, वह इस समय कहां है?
पिंद्ड...
पिंद्ड...
हैलो... हैलो... डॉक्टर मैं अनिथ बोल रही हूं।
क्या प्रोफेसर ने गगन का पता बता दिया?




वह पता नहीं बताता।
उसे ऑपरेशन रूम में ले आओ। उसकी बेटी रजनी को भी मैं यहीं बुला लेता हूं, ओवर।
चलो प्रोफेसर! अब ऑपरेशन रूम में ही तुम्हारा हिसाब-किताब होगा।
लेकिन ऑपरेशन रूम क्या बला है?
वहीं पर काले शैतान तैयार किए जाते हैं।
ऑपरेशन रूम में -
तो यहां काले शैतान तैयार किए जाते हैं।
हां।
प्रोफेसर! हमें गगन चाहिए, वरना रजनी के साथ-साथ हम तुम्हें भी इस मशीन में डाल कर खत्म कर देंगे।
लेकिन गगन का पता मेरे पास नहीं है।
ये मशीन व हम, कितने खतरनाक हैं अभी तुम्हें पता नहीं है, थोड़ी देर बाद तुम खुद ही गगन का पता बता दोगे।


यह मशीन किस काम आती है?
इसमें जिन्दा इन्सान डालकर काले शैतान बनाए जाते हैं...
...उनकी हड्डियां व मांस पिघलकर इस जार में एकत्रित होता है...
...और खून अलग होकर इस जार में भर जाता है। मांस व हड्डियों के घोल से हम काला शैतान बनाते हैं।
तुम काले शैतान में जान कैसे फूंकते हो?
उसकी खोपड़ी में कम्प्यूटर फिट होता है, जिसकी तारें उसके सारे जिस्म में फैली रहती हैं। इस लिये वह हमारे आदेश के अलावा खुद भी बोलने व सोचने की शक्ति रखता है।
गगन बुद्धिमान वैज्ञानिक है, उसने हमारे आविष्कार को खत्म किया है। इसलिए गगन को हम अपने पास देखना चाहते हैं।
गगन क्या है... यह तो तुम्हें उस समय मालूम होगा डॉक्टर, जब वह मौत बन कर तुम्हारे सिर पर मंडराएगा।
डॉक्टर वडिकर मौत बांटता है, मौत लेता नहीं। अब मैं तुम्हें मौत का नंगा नाच दिखाऊंगा।


देहातियों को बेहोश करके मशीन में डालो।
रक्षकों ने दो देहातियों को सलाखों के पीछे से निकाल लिया और-
नहीं...
छोड़ दो मुझे।
इन्हें बेहोशी का इन्जेक्शन लगाओ।
इसी तरह और देहातियों को भी बेहोश करके मशीन में डालते जाओ।
पापा यह तो जुल्म है, इतना कठोर हृदय व्यक्ति मैंने कभी नहीं देखा।
हम बेबस हैं बेटी, इस जुल्म को गगन ही समाप्त करेगा।
उधर गगन व ताहिरा झील के किनारे काफी देर से बैठे थे। तभी–
ही ही ही ही
यह आवाजें कैसी आ रही हैं?
जंगल की तरफ गड़बड़ लगती है।
मुखिया ने लाल प्रेतों का जिक्र किया था। यह वही लगते हैं।
ही ही ही
ही ही ही


डराकर ये लोग हमें यहां से भगाना चाहते हैं, मैं अभी इनका काम तमाम करता हूं।
लेकिन कम से कम एक प्रेत को हमें जीवित पकड़ना है।
हा हा हा
चिन्ता मत करो, रज्जो तक पंहुचने के लिए एक प्रेत को मैं जिन्दा रखूंगा।
धड़ाम
भागो!
यह लोग काफी शक्तिशाली हैं।
भाग कर जान बचाओ!
दो प्रेत तो मारे गए, बाकी दो भाग निकले।
उन्हें तलाश करते हैं।
नाहिरा व गगन ने जंगल में प्रेतों को तलाश किया लेकिन –
गगन वह तो भाग निकले, अब क्या करें?
हमें उनके हमले का इन्तजार करना होगा। हमको काबू में करने के लिए वह लोग अवश्य कोई नई हरकत करेंगे।


अगर वह लोग अपराधी हैं तो उनका अड्डा यहीं कहीं आसपास होना चाहिए।
इन्तजार करो। मेरा दिल कहता है, वह लोग फिर सामने आएंगे।
डा. वडिकर के अड्डे में —
डा.! तुम बेकसूरों पर बहुत जुल्म कर रहे हो।
जुल्म मत कहो प्रो. एहसान कहो। यह गंवार किसी काम आकर पुण्य कमा रहे हैं।
तो तुम लोग इस मशीन के अन्दर अपनी जान देकर पुण्य क्यों नहीं कमाते।
हम ही पुण्य कमाने लगे तो ऐसा महान आविष्कार कौन करेगा?
जो आविष्कार दूसरों को नुकसान पहुंचाता हो, वह महान नहीं हो सकता। ऐसी राक्षसी प्रवृति का इन्सान मैंने कभी नहीं देखा।
क्या तुम बताओगे कि काले शैतान को बनाकर क्या करोगे?
काले शैतानों को बेचकर हम अरबपति बनेंगे अरबपति!
काले शैतानों को नहीं, बेकसूरों का मांस व हड्डी बेचकर। यह इंसानियत नहीं है डॉक्टर।
हमें तुमसे इंसानियत नहीं सीखनी।



हम तुम्हें इंसानियत सिखाने भी नहीं आए। लेकिन यह तो बताओ कि अब तुम काला शैतान बनाओगे कैसे?
डॉक्टर वाडिकर उन्हें दूसरी मशीन के पास ले आया।
इस नली द्वारा भूरा मानव द्रव्य कम्प्यूटर मशीन में जाता है, और एक घण्टे बाद काला शैतान बन-कर तैयार हो जाता है।
डॉक्टर! काश तुमने अपनी बुद्धि का प्रयोग मानवता की भलाई के लिए किया होता तो दुनिया तुम्हारी पूजा करती।
पूजा इन्सान की नहीं, दौलत की होती है। इसलिए मैं दोनों हाथों से दौलत बटोर लेना चाहता हूं।
लेकिन गगन हमारे रास्ते का रोड़ा बन गया है। अब तुम उसका पता हमें बताओगे, वरना हम तुम्हारे साथ तुम्हारी बेटी को भी इस मशीन में डाल देंगे।
सच तो यह है डॉक्टर, गगन 004 एजेन्ट ताहिरा के साथ रजनी की तलाश व तुम्हें खत्म करने के लिए टौरी गांव गया है।
टौरी गांव आकर वह लोग वापस नहीं जा सकते।


पापा। आपने सच क्यों बता दिया?
यह जरूरी था बेटी, क्योंकि अगर गगन यहां आ गया तो इस शैतान की मौत निश्चित है।
हैल्लो... हैल्लो... जेनिथ अटेन्डिंग।
मैं नम्बर दो बोल रहा हूं मादाम, गगन व ताहिरा ने हमारे दो साथियों को खत्म कर दिया है।
वह लोग कहां हैं?
झील के किनारे, क्या उन्हें खत्म कर दिया जाए?
मैं वडिकर बोल रहा हूं। उन्हें जिन्दा पकड़ कर लाओ। इसके लिए तुम लोग गैस का प्रयोग कर सकते हो।
ठीक है, हम ऐसा ही करेंगे।
पापा गगन व ताहिरा सही जगह पहुंच गए हैं।
मैं यही तो चाहता था। अब यह लोग अपनी मौत को खुद यहां लेकर आएंगे बेटी।
जब तक गगन व ताहिरा हमारे कब्जे में नहीं आ जाते, तुम दोनों हमारी कैद में रहोगे।
यह तो अच्छा है। हम तुम्हारी मौत तो देख सकेंगे।
ले जाओ इन्हें और बन्द कर दो।
जी आज्ञा बॉस!
पापा, मुझे डर लग रहा है। अगर गगन उस शैतान को खत्म न कर सका तो क्या होगा?
ऐसा मत सोचो। वह अवश्य सफल होगा। मैं जानता हूं वह महा शक्तिशाली है।


उधर झील के किनारे -
जूं जूं जूं जूं
अब दोनों बेहोश होने से नहीं बच सकते।
बेहोश करके ही हम इन्हें बॉस के पास ले जा सकते हैं।
गगन! बेहोशी का धुआं!
जल्दी से गैस मास्क पहन लो। इस वक्त प्रेतों को जिन्दा पकड़ना है।
ताहिरा व गगन ने कार से छोटे गैस मास्क निकालकर पहन लिए। तभी दो प्रेत उनकी कार की तरफ बढ़ने लगे।
जैसे ही लाल प्रेत करीब पहुंचे ताहिरा व गगन ने उन पर हमला कर दिया।
मार से एक प्रेत बेहोश, दूसरा घायल हो गया।
गगन, इसके चेहरे से मुखौटा उतारो ताकि मालूम हो सके यह है कौन?
अगर शरारत करे तो गोली मार देना।



गगन ने उसके चेहरे से सींगों वाला मुखौटा उतार दिया।
अब तुम हमें बताओगे, तुम्हारा बॉस कहां रहता है? रजनी व प्रो. किशन कहां कैद हैं।
पनडुब्बी में, पनडुब्बी झील के अन्दर है। दोनों उसी में कैद हैं।
ताहिरा ने बदमाश के सिर पर पिस्तौल से वार किया।
हमारा काम हो गया। अब इसे बेहोश करके चीफ को यहां के बारे में सूचित करती हूं।
आह
ताहिरा ने घड़ी रूपी ट्रांसमीटर सेट किया।
चीफ, मैं ताहिरा बोल रही हूं। टोरी गांव की झील के किनारे से।
रिपोर्ट दो।
झील के अन्दर एक पनडुब्बी है। गांव के वासियों को गायब करके उसी में ले जाया जाता है। रजनी व प्रो. भी वहीं कैद हैं। मुख्य अपराधी उसी पनडुब्बी पर मौजूद है।
मैं हेलीकॉप्टर द्वारा फोर्स लेकर वहां पहुंचता हूं। ओवर!
ताहिरा ने घड़ी का बटन दबाकर सम्बंध विच्छेद कर दिया।
ताहिरा! समझ में नहीं आया, पनडुब्बी इस झील में कैसे आ गई?
समुद्र से अवश्य कोई न कोई सुरंग झील से मिली होगी।


अब काबू में आए हैं!
आ...आ...
आ...ई...
दोनों बेहोश हो गए हैं, अब इन्हें बॉस के पास पनडुब्बी में ले चलते हैं।
पनडुब्बी के एक कमरे में—
गगन! हम कहां हैं?
शायद मुख्य अपराधी की पनडुब्बी में।
तुम्हारा अंदाजा सही है गगन, अब मैं तुम दोनों को बॉस के पास ले चलूंगी।
उससे मिलने के लिए तो हम खुद उत्सुक हैं। चलो।
डा. वांडेकर के कंट्रोल रूम में —
आओ... आओ, मुझे तुम्हीं दोनों का इंतजार था।
इंतजार का फल मीठा होता है डा. वांडेकर!



तुम मेरा नाम कैसे जानती हो?
तुम अंतर्राष्ट्रीय अपराधी हो। तुम्हारा नाम व तस्वीरें सभी देशों के गुप्तचर विभागों की फाइलों में मौजूद है।
जानकर मुझे खुशी हुई, लेकिन अब तुम दोनों हमारे साथ रहोगे।
तुम्हारे साथ किस खुशी में?
तुमने हमारे काले शैतान को तबाह करके हमें ललकारा है। इसलिए अब तुम हमारे लिए काम करोगे या हम तुम्हें खत्म कर देंगे।
अगर ऐसी बात है तो हम तुम्हारे लिए अवश्य काम करेंगे, क्यों ताहिरा?
ठीक कह रहे हो, अपनी जान हमें भी प्यारी है।
डियर! गगन तो हमारे फायदे की बात कर रहा है।
मुझे विश्वास नहीं था, यह लोग इतनी आसानी से मान जाएंगे।


लेकिन डा. हमारी एक शर्त होगी। तुम रजनी व प्रोफेसर को कोई नुकसान नहीं पहुंचाओगे।
हमें मंजूर है, हम उन्हें आज ही स्वतंत्र कर देंगे। और यह देश छोड़कर किसी दूसरे देश चले जाएंगे।
लेकिन पनडुब्बी झील से बाहर कैसे निकलेगी?
सुरंग के रास्ते से।
समुद्र से एक बहुत बड़ी व लम्बी सुरंग इस झील तक आती है। उसी सुरंग से हम अपनी पनडुब्बी झील में लाए थे। अब उसी सुरंग के रास्ते से समुद्र में चले जाएंगे।
क्या तुमने कोई और भी काला शैतान बनाया है?
हां!
वह देखो शीशे के केबिन में बन्द है।
आखिर काले शैतानों का तुम क्या करोगे?


जिस दिन तुमने हमारे काले शैतान को नष्ट किया था, उस दिन हम विदेशी खरीददारों को उसकी शक्ति दिखा रहे थे।
तब तो उन खरीददारों को हम अवश्य देखेंगे।
वडिकर ने दोनों चीनी खरीददारों को वहां बुला लिया।
यही हैं काले शैतानों के खरीददार। अब हम जल्द ही अरबपति बन जाएंगे। तुम दोनों का भी उस धन में हिस्सा होगा।
जानकर खुशी हुई।
वताल, यह चीनी हमारे दुश्मन हैं। इन्हें भी खत्म करना होगा।
अपने देश के किसी भी दुश्मन को मैं जिन्दा नहीं छोडूंगा। तुम देखती जाओ वडिकर को मैं कैसे अपने जाल में फंसाता हूं।
और फिर—
वडिकर हम तुम्हारा साथ देंगे, लेकिन पहले प्रो. व रजनी को पनडुब्बी से बाहर निकालो।
ठीक है! धीरज! चालक को आदेश दो पनडुब्बी को झील की सतह पर ले आए।
ओलिव! तुम प्रोफेसर व रजनी को लेकर पनडुब्बी के ऊपर पहुंचो। हम लोग वहीं मिलेंगे।
ठीक है।


उधर चीफ मिलिटरी फोर्स लेकर दो हेलीकॉप्टरों द्वारा टोरी गांव की झील की तरफ बढ़ रहे थे।
पनडुब्बी झील की सतह पर आ गई।
असलम ! एक मोटरबोट झील में उतारो और रजनी व प्रोफेसर को ले जा-कर झील के किनारे उतार दो।
जी आज्ञा बॉस !
काले शैतान को मैं साथ ले आया हूं। अच्छा किया, अगर जरूरत पड़ी तो काम आएगा।
पापा! गगन हमें पनडुब्बी से भेजकर आखिर क्या करना चाहता है?
शायद वह हमें यहां से सुरक्षित निकाल कर वडेकर से युद्ध लड़ेगा। चुपचाप यहां से निकल जाओ।
गगन ! प्रोफेसर व रजनी सुरक्षित निकल गए।
अगर तुम खतरा अनु-भव करो तो झील में कूद जाना, मैं युद्ध शुरू कर रहा हूं।



गगन ने जेब से तीर कमान निकाल लिया।
डा. वाडेकर, तुम्हारा खेल खत्म हो गया है, अब मरने के लिए तैयार हो जाओ।
यह क्या बकवास है?
गगन ने जैसे ही तीर चलाया, वाडेकर ने झुककर खुद को बचा लिया, लेकिन चीनी मारा गया।
धड़ाम
डॉक्टर घोषा!
आ... आ...
वाडेकर ने उठते ही काले शैतान को आदेश दिया।
काले शैतान! गगन व ताहिरा को खत्म कर दो।
जो आज्ञा मेरे आका!
गगन ने हरे नग वाली अंगूठी का बटन दबाकर खुद को सुरक्षित लिहाफ में लपेट लिया।
कमीनी मैं तुझे अभी सबक सिखाती हूं।
धांय धांय
मैं तुम्हें जिन्दा नहीं छोड़ूंगी गगन!
धांय धांय
वहशी औरत, तू आज नहीं बच सकेगी।


गगन ने तीरों की बौछार शुरू कर दी।
आ...आ...
झांग झांग
धड़ाम
मर गया...
आ..आ..
धड़ाम
धड़ाम
शैतान पर तीर का कोई असर नहीं हुआ। उसने लपक कर गगन को उठा लिया...
खत्म कर दो इसे।
अब यह जिन्दा नहीं रहेगा मेरे आका।
...और झील की तरफ उछाल दिया।
मुझे तुम लोग इस तरह नहीं मार सकते, बल्कि मैं तुम लोगों को खत्म करूंगा।
गगन हवा में उड़ता हुआ वापस पलटा और फिर—
अब मेरी बारी है काले शैतान, मरने के लिए तैयार होजा।



समाप्त

PRINTED BY SKYLARK PRINTERS, NEW DELHI-110055